**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**27.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

## प्रधानमंत्री – एकता दौड़

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्तूबर को पूरे देश में एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से इसमें भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल और उनके अखंड भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने का आग्रह किया है।

---

## सर्वोच्च न्यारयालय

सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर डिजिटल अरेस्ट से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों पर उनके द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी का विवरण मांगा है। न्यायालय ने देश में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को देखते हुए सभी मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने पर भी विचार किया है। न्यायालय ने सीबीआई से पूछा कि क्या उसके पास देश में ऐसे मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।

---

## जीएसटीसुधार–कृषि

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरें आम आदमी के लिए मददगार साबित हो रही हैं।

---

## प्रतियोगिता

सोलन स्थित ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आज से शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय अंडर–19 खेलकूद प्रतियोगिता आरम्भ हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 5 सौ 50 खिलाड़ी भाग ले रहे है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का भरसक प्रयास कर रही है और 84 स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ा जा रहा है ताकि निजी व सरकारी स्कूलों के अंतर को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड को भी सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

-----------------------------------------------------------------

## दृष्टिहीन

दृष्टिबाधित जन संगठन अपनी मांगों को लेकर पिछले दो साल से आंदोलनरत हैं। शिमला के कालीबाड़ी में ये लोग पिछले 7 सौ 4 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं और दृष्टिबाधितों ने आज शिमला स्थित सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। दृष्टिहीन जन संगठन के सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि वह विभिन्न विभागों में खाली पड़े दृष्टिबाधित कोटे के बैकलॉग पदों को एकमुश्त भरने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अभी तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं, जिसके चलते दृष्टिहीन संघ धरने के साथ कई बार चक्का जाम कर चुका है।

-----------------------------------------------------------------

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 आज से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है। इस सप्ताह का विषय है, सतर्कता – हमारी साझा ज़िम्मेदारी। यह शासन व लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों के लोक सेवकों द्वारा शपथ लेने के साथ हुई। इधर प्रदेश में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

-----------------------------------------------------------------